एक नजर में

शिव डोला मुख्य मार्गो से निकला

नर्मदानगर। नर्मदानगर में ओमदुर्गा साईं मंदिर समिति के तत्वाधान में सावन माह के अंतिम सोमवार को नगर में शिव डोला मुख्य मार्गो से निकला गया। जगह-जगह मित्र मंडल एवं सामाजिक बंधुओ ने स्वागत किया और पूजन किया। समापन पर साईमंदिर समिति द्वारा आकर्षक आतिशबाजी की गई । इसके पश्चात महाआरती व महाप्रसादी का कार्यक्रम हुआ, कार्यक्रम को सफल बनाने पर ओम दुर्गा साईं मंदिर समिति ने सभी का आभार माना।

बैठक : जिला कार्यकारिणी घोषित

खंडवा। एआईएमआईएम प्रदेश प्रभारी सैयद मिन्हाज के निर्देश अनुसार एमआईएम खंडवा में पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी मेंबर अधिवक्ता मोहम्मद उमर ने स्थानीय कार्यकर्ताओं की मीटिंग रखी। सभी साथियों से चर्चा कर आम सहमति से जिला कार्यकारिणी घोषित की गई । सीनियर वर्कर मोसिन खान को जिला अध्यक्ष, शेख फैजान को खंडवा लोकसभा प्रभारी, अब्दुल हमीद मुन्ना को खंडवा विधानसभा प्रभारी, वहीद मंसूरी को जिला उपाध्यक्ष, शेख फारुख, मो. अजहान को जिला महासचिव , हाफिज रिजवान को जिला सचिव, हाफिज अरशद को कोषाध्यक्ष,हाफिज शेख अलीम,हाफिज यूसुफ को जिला सह सचिव नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर पार्टी के शहर अध्यक्ष बिलाल पेंटर, सचिव परवेज खान, इरशाद अली, शेख समीर, इफ्तेखार खान, अब्दुल रहमान, मुस्तकीम तिगाला आदि मौजूद रहे । सभी साथियों ने आने वाले समय में संगठन को मजबूत कर जन समस्याओं पर स्थानीय प्रशासन, जन प्रतिनिधि से चर्चा कर निराकरण करने का और पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। साथ ही पार्टी के सांसद और राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के विचारो का प्रचार प्रसार करेंगे ।

इस वर्ष का किशोर गौरव सम्मान प्रसिद्ध गायक जॉली मुखर्जी को प्रदान किया

खंडवा। देश की महान गायक कलाकार किशोर दा के जन्मोत्सव को खंडवा में गौरव दिवस की रूप में मनाया जाता है। तीन दिनों तक खंडवा में गौरव दिवस के उपलक्ष में मैराथन दोड किशोर यात्रा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कई प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें बच्चे बड़ों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच एवं नगर निगम प्रशासन के सहयोग से 4 अगस्त को प्रात: समाधि स्थल पर सुरमई श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ जिसमें देशभर के किशोर प्रेमियों ने दादा को गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी। प्रेरणा मंच के प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 4 अगस्त की पुरानी अनाज मंडी प्रांगण में भव्य किशोर नाइट एवं किशोर सम्मान का आयोजन हुआ। देश के महान गायक चांदनी ओ मेरी चांदनी गीत को गाने वाले जाली मुखर्जी को प्रेरणा मंच के कार्यक्रम में किशोर सम्मान से सम्मानित कर सम्मान पत्र के साथ 1लाख की राशि स्मृति चिन्ह महापौर अमृता अमर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेडे, विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे, परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, कलेक्टर ऋषव गुप्ता,पुलिस अधीक्षक मनोज राय, मंच के अध्यक्ष रणवीर चावला एवं बंसल परिवार द्वारा भेंट किए गए। इस अवसर पर जाली मुखर्जी ने कहां की खंडवा हम कलाकारों के लिए एक तीर्थ है जहां किशोर दा जैसी महान हस्ती ने जन्म लिया मेरा सौभाग्य है की दूसरी बार उनके जन्म दिवस के अवसर पर उन्हें नमन करने में खंडवा पहुंचा हूं। पहली बार मुंबई की सुपर आर्केस्ट्रा टीम के साथ किशोर नाइट नाइट में गायक जॉली मुखर्जी ने किशोर दा के गाए गीत के साथ अपने गीतों की शानदार प्रस्तुति दी और संमा बांधा। जॉली मुखर्जी ने मंच पर आते ही किशोर दा को अपना गुरु मानने वाले मुखर्जी ने कई यादगार गीत गाए। आ चल के तुझे मैं लेके चलूं... फूलों के रंग से... फिर वही रात है... भंवरे की गुंजन है मेरा दिल... जैसे गीत गाए। दर्शकों की मांग पर उन्होंने 39 साल पहले फिल्म दयावान का गीत चाहे मेरी जान तू ले ले और रंग भरे बादल से चांदनी ओ मेरी चांदनी गीतों की शानदार प्रस्तुति सभी उपस्थित संगीत प्रेमियों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया।

जारी है जमीनों का खेल, बेखौफ जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब?

खंडवा। जिले में जमीनों का खेल गजब तरीके से खेला जा रहा है। समय-समय पर कई प्रकरण प्रकाश में आए हैं। सरकारी जिम्मेदार हमेशा बचा लिए जाते हैं। इन्हें वेतन ही गड़बड़ रोकने के लिए दिया जाता है। फिर भी जिम्मेदार साफ बच रहे हैं। राजस्व, पंजीयन व अन्य विभागों की चेन होने के कारण एक भी नहीं फंसता। कुछ माह पूर्व ही सोलर प्लांट का मामला प्रकाश में आया था। जिला प्रशासन ने गहन जांच कर लंबा चौड़ा प्रेस नोट जारी किया था। जिसमें स्पष्ट बताया गया था कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगो की जमीन कंपनी को अंतरित कर कम्पनी द्वारा कब्जा प्राप्त किया गया व सोलर प्लांट लगाया गया, जो कि नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि बिना खसरे के नामांतरण के, केवल कब्जे के आधार पर कंपनी द्वारा औद्योगिक उपयोग हेतु भूमि का डायवर्जन करवाया गया जो म.प्र. भू राजस्व सहिता के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। मसाया सोलर एनर्जी कंपनी द्वारा चरनोंई, नाला, सडक तथा छोटे झाड के जंगल मदों की लगभग 27.64 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर बिना किसी लीज या अधिग्रहण के जबरन कब्जा कर रखा है, जो कि सर्वथा अनुचित है। शिवसेना के गणेश भावसार ने आरोप लगाते हुए कहा कि बाद में यह मामला न्यायालय में चल गया । अब आगे इस प्रकरण में जो भी फैसला आएगा उसके अनुसार कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल मामला न्यायालय में है।

केनरा बैंक का मैनेजर छनेरा में 5000,लेते धराया

नवभारत न्यूज

खंडवा। हरसूद छनेरा के केनरा बैंक प्रबंधक को लोकायुक्त पुलिस ने 5000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों ट्रेन किया है। बैंक मैनेजर आवेदक से 6 लख रुपए दूध डेरी निर्माण वाले लोन पर 75000 मांग रहा था। 10000 देने के बाद भी नहीं मान रहा था। आवेदक ने लोकायुक्त एसपी को शिकायत की और बैंक मैनेजर को रंगे हाथों ट्रेप करवा दिया। हरसूद के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में देर शाम तक यह कार्रवाई चलती रही।

लोकायुक्त डीएसपी सुनील तालान ने बताया कि महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश पर इंदौर लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्यवाही की गई है।

डेरी के लिए लोन चाहता था आवेदक

आवेदक विनोद लोवंशी, निवासी रामपुरी रेयक, पोस्ट निशानियां, तहसील हरसूद जिला खंडवा है। आरोपी बैंक मैनेजर राधा रमन सिंह राजपूत,ब्रांच मैनेजर,केनरा बैंक,छनेरा नया हरसूद, जिला खंडवा है ।

श्री तालान के मुताबिक आवेदक को आचार्य विद्यासागर योजना अंतर्गत दूध डेयरी निर्माण हेतु शासन से राशि-6,00,000/-रू. स्वीकृत होना था। उपरोक्त राशि स्वीकृत कराकर आवेदक के बैंक खाते में डालने के एवज में आरोपी द्वारा आवेदक से 75,000/- रू. रिश्वत की मांग की गई थी। जिसकी प्रथम किस्त 10000 रुपए वह ले चुका था।

5000 की किस्त में धराया मैनेजर

द्वितीय किस्त की राशि 5000 रुपए देना तय हुआ था। तृतीय किस्त की राशि आवेदक के बैंक खाते में आने पर देना थी। जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा राजेश सहाय पुलिस अधीक्षक,विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त कार्यालय इंदौर को की गई। सत्यापन में शिकायत सही पाये जाने पर 05. अगस्त की दोपहर को ट्रैप का आयोजन किया गया ।

रिश्वत लेते ही लपक लिया टीम ने

आरोपी ने जैसे ही रिश्वत की राशि अपने हाथ में ली आसपास तैनात लोकायुक्त दल ने रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा-7, के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

ट्रेपदल के सदस्य

डीएसपी लोकायुक्त सुनील तालान,निरीक्षक सचिन पटेरिया,, आरक्षक विजय सेलार,आरक्षक अनिल परमार, आरक्षक पवन पटोरिया, टाइपिस्ट प्रभात मोरे,चालक शेरसिंह ठाकुर और 2 पंच साक्षी शामिल हैं।

बात करने की शंका में जीजा-साले ने युवक को रात-भर पीट-पीटकर मार डाला!

नवभारत न्यूज

खंडवा। अंधी मोहब्बत के शक में जीजा और साले ने एक युवक को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। मामला खालवा थानाक्षेत्र का है। मृतक का इश्क था भी,या नहीं। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक,मरते हुए युवक ने अपने पिता को बताया कि मुझे बांधकर इसलिए मारा कि मैं एक आरोपी की पत्नी से बातचीत करने की शंका है। इस बात की जांच तो पुलिस कर रही है, लेकिन इससे पहले पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया है। इनसे पूछताछ की जा रही है।

अगले ही दिन आरोपी पकड़ लाई पुलिस

खालवा में अपराध क्र 288/25 धारा 103 (1),3(5) BNS का पजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय व अफसरों ने मामले को गंभीरता से लिया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस हरसूद लोकेन्द्र सिंह ठाकुर व थाना प्रभारी निरी.जगदीश सिंदिया के नेतृत्व में टीम गठित की। दोनो आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया गया। आरोपीगणो से अपराध में पूछताछ की जा रही है।

शक्कर तालाब क्षेत्र से अतिक्रमण के मलबे को हटाने का अनुरोध कलेक्टर से किया

नवभारत न्यूज

खंडवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जनसुनवाई में आवेदक शेख मोहम्मद इब्राहिम निवासी इमलीपुरा खंडवा ने आवेदन देकर शक्कर तालाब क्षेत्र में उनके निवास के सामने अतिक्रमण के मलबे को शीघ्र हटाने का अनुरोध कलेक्टर से किया, जिस पर उन्होंने नगर निगम आयुक्त को आवेदक के घर के सामने से अतिक्रमण का मलबा हटाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में एक अन्य आवेदक राजेश पिता सूरज बली निवासी रूधी ने आवेदन देकर बताया कि उनका पुत्र मुँह की गंभीर बीमारी से ग्रसित है एवं उसके उपचार हेतु डॉक्टर ने 2.12 लाख रूपये का खर्चा बताया है, जिस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बच्चे का इलाज शासकीय योजनाओं के तहत करवाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में आवेदिका गुलाब बाई निवासी ग्राम आरूद ने कलेक्टर को आवेदन देकर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ दिलवाने की मांग की, जिस पर उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद को आवेदिका की पात्रता के अनुसार लाभ दिलवाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आवेदक निर्मल चौहान पिता शंकरलाल चौहान निवासी ग्राम चिचगोहन ने आवेदन देकर कलेक्टर को बताया कि उसने ग्राम पंचायत सचिव के कहने से गांव की सफाई का कार्य किया था,जिसकी मजदूरी की राशि अभी तक नहीं मिली है, जिस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को संबंधित मामले की जांच कर मजदूरी की राशि भुगतान कराने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में एक अन्य आवेदक मांगीलाल निवासी कोलाडिट ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि उसकी कृषि भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है, जिस पर उन्होंने तहसीलदार छैगांवमाखन को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में नवकार नगर वार्ड क्रमांक 33, खंडवा के निवासियों ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि उनके मोहल्ले में नाली का गंदा पानी उनके घरों में घुसता है एवं नाली के पानी की सही निकासी नहीं हो रही है, जिससे काफी परेशानी हो रही है, जिस पर उन्होंने नगर निगम आयुक्त को नागरिकों की समस्या निराकृत करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर केआर. बड़ोले, अपर कलेक्टर अरविंद चौहान, संयुक्त कलेक्टर एस आर. सोलंकी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स से कलेक्टर गुप्ता ने की अपील

नवभारत न्यूज

खंडवा। वर्षा के पानी को भूजल संवर्धन के लिए उपयोग में लाने के उद्देश्य से जिले की सभी पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशन में भूजल संवर्धन के लिए अमृत संचय अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स की कार्यशाला सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

कार्यशाला में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स से अपील की कि सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण और पानी का महत्व बतायें और जिला प्रशासन द्वारा मिशन अमृत संचय के तहत किये जा रहे कार्यों के प्रचार प्रसार में भागीदार बनें।

कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि हमें पानी का मोल पहचानना होगा। पानी बचाना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हम सभी को मिलकर पानी बचाना होगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स सदस्यों को शामिल करते हुए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, इसके माध्यम से जल संरक्षण से संबंधित गतिविधियों को उसमें शेयर किया जाएगा, ताकि सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स अपने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पानी बचाने के इस अभियान की गतिविधियां शेयर कर सकें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि अमृत संचय अभियान के तहत हमें जिले के सभी शासकीय व प्राइवेट भवनों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाना है, ताकि वर्षा के पानी की एक-एक बूंद जमीन में समाकर भूजल स्तर को बढ़ाए। उन्होंने कहा कि 30 जून, 2026 तक प्रत्येक पक्की छत पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए मिशन अमृत संचय प्रारंभ किया गया है।

पानी बचाना हमारी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि विकास की दौड़ में हम पर्यावरण संरक्षण को भूल जाते हैं। महानगरों में सीमेंट कांक्रीट के अधिक उपयोग से वर्षा का पानी बिना रूके तेज गति से बह जाता है और भूजल संवर्धन नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि नागरिकगण अपने घरों की छतों पर 5-10 हजार रूपये खर्च कर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाकर लाखों रूपये मूल्य का पानी बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम जितना पानी खर्च करते हैं, उतना पानी बचाने की जिम्मेदारी भी हमारी ही है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि जिले की हर पक्की छत से वर्षा का पानी भूजल संवर्धन के उपयोग में आए, यह अगले एक वर्ष में हमें सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पानी बचाना हमारी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है।

सोशल मीडिया पर रील बनाने की स्पर्धा होगी

कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गौड़ा ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स से अपील की कि अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से पानी के महत्व के बारे में नागरिकों को जागरूक करें। उन्होंने पावर पॉइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से मिशन अमृत संचय के तहत किये जाने वाले जल संरक्षण के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने प्रजेन्टेशन के माध्यम से बोरी बंधान, खेत तालाब, गली प्लग, मेढ़ बंधान जैसी जल ग्रहण संरचनाओं की उपयोगिता और उन्हें बनाने के तरीकों के बारे में भी बताया। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि अमृत संचय अभियान के संबंध में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स के बीच रील बनाने की स्पर्धा भी आयोजित की जाएगी तथा रील बनाने के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर, जिला पंचायत की अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति निकिता मंडलोई, सहित अन्य अधिकारी व सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स भी मौजूद थे।

जनपद पंचायत खंडवा के सीईओ का प्रभार,आईएएस श्री सुशीर को मिला

खंडवा । कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जनपद पंचायत खंडवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पद का प्रभार भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सहायक कलेक्टर सुशीर श्रीकृष्ण श्रीराम को सौंपने के आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि अभी तक जनपद पंचायत खंडवा के सीईओ के पद पर संयुक्त कलेक्टर निकिता मंडलोई कार्य कर रही थीं। अब वे इस प्रभार से मुक्त रहेंगी।

जल समितियों का प्रशिक्षण ▶ **खालवा में जल समितियों के सम्मेलन में कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्रामीणों से की अपील**

खेत का पानी खेत में गांव का पानी गांव में ही रोकें

नवभारत न्यूज

खालवा । वर्षा ऋतु में खेत का पानी खेत में, और गांव का पानी गांव में ही रोकने के लिए सभी ग्रामीण मिलकर सामूहिक प्रयास करें। अपने परिवारजनों तथा अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए वर्षा का पानी बचाएं। यह बात कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने खालवा में आयोजित जल समितियों के प्रशिक्षण में संबोधित करते हुए कही।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि हर वर्ष भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। हमें आज से ही पानी बचाने के लिए विशेष प्रयास करना होंगे। पानी बचाने की दिशा में हम अभी नहीं जागे, तो बहुत देर हो जाएगी। उन्होंने जल समितियों के सदस्यों से कहा कि गांव-गांव में पानी का महत्व बतायें और सभी से वर्षा का पानी बचाने की अपील करें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने जल समितियों के उपस्थित सदस्यों से अपील की कि पहले वे अपने घरों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवायें और फिर गांव के अन्य लोगों को भी उनके घरों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गौड़ा ने अपने संबोधन में बोरी बंधान, खेत तालाब, गली प्लग, मेढ़ बंधान जैसी जल ग्रहण संरचनाओं की उपयोगिता और उन्हें बनाने के तरीकों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि आगामी 31 अगस्त तक जल समितियों के सभी सदस्य पानी बचाने के लिए अपनी रणनीति तैयार कर लें। उन्होंने बताया कि मिशन अमृत संचय के तहत भूजल संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य करने वाली पंचायतो को चयनित कर पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जनपद पंचायत से 5 सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किया जाएगा।

इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर कुलदीप फरे द्वारा जल समिति के सदस्यों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भूजल संरक्षण के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। जल समिति के सदस्यों को बोरी बंधान बनाने, डगवेल रिचार्ज बनाने, हैंड पंपों के आसपास सोखता गड्ढे बनाने, मेढ़ बंधान,नाला गहरीकरण कंटूर ट्रेंच जैसी जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण के संबंध में भी प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, जनपद अध्यक्ष सोनता बाई कवरे तथा उपाध्यक्ष सती बाई और एसडीएम हरसूद पुरुषोत्तम कुमार भी मौजूद थे।

वर्षा के पानी की एक-एक बूंद जमीन में समाकर भूजल स्तर को बढ़ाए

कलेक्टर ने कहा कि हम जितना पानी खर्च करते हैं, उतना पानी बचाने की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। जिले की हर पक्की छत से वर्षा का पानी भूजल संवर्धन के उपयोग में आए, यह अगले 1 वर्ष में हमें सुनिश्चित करना है। उन्होंने जल समिति के सदस्यों को शामिल करते हुए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के लिए भी कहा,ताकि जल संरक्षण से संबंधित गतिविधियों को उसमें शेयर किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि अमृत संचय अभियान के तहत हमें जिले के सभी शासकीय व प्राइवेट भवनों की पक्की छतों पर रूफवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाना है, ताकि वर्षा के पानी की एक-एक बूंद जमीन में समाकर भूजल स्तर को बढ़ाए। उन्होंने कहा कि 30 जून, 2026 तक प्रत्येक पक्की छत पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए "मिशन अमृत संचय" प्रारंभ किया गया है।